न्यायालय उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ जिला राजसमन्द

पीठासीन अधिकारी : श्री मोहकम सिंह सिनसिनवार, आर.ए.एस.
(जीसीएमएस न. 2021/166)

प्रकरण संख्याः—31/2021
तारीख दायरः—26/03/2021
निर्णय दिनांकः—15/10/2025

उनवान

1. पुखराज पिता भवानीराम जाति महाजन निवासी दौलपुरा तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द।
2. शंकर लाल पिता भवानी जाति महाजन निवासी दौलपुरा तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द।

प्रार्थीगण।

बनाम

1. बाबुलाल पिता कजोडीमल मेहता जाति जैन निवासी देवगढ़ तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द हाल नि0 4031/404 ऑलम्पीक टावर इण्डोर स्टेडियम गाहोद रोड सुरत, गुजरात।
2. लक्ष्मीलाल पिता कजोडीमल मेहता जाति जैन निवासी देवगढ़ तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द हाल नि0 मेहता ऐम्पोरिंग, मेहता मार्केट स्टेशन रोड, बारडोली सुरत, गुजरात।
3. राम लाल पिता कजोडीमल मेहता जाति जैन निवासी देवगढ़ तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द हाल नि0 03 शिथल नगर बारडोली सुरत, गुजरात।
4. सुरेश पिता कजोडीमल मेहता जाति जैन निवासी देवगढ़ तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द हाल नि0 मेहता किराणा स्टोर मोटा बाजार, बारडोली सुरत, गुजरात।
5. निर्मला देवी पत्नी नवरतनमल जाति जैन निवासी दौलपुरा तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द।
6. बालुराम गुर्जर जाति गुर्जर निवासी ईशरमण्ड तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द
7. अमरा पिता नंगजी सालवी जाति सालवी निवासी ढेलाज तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द।
8. भागीरथ पिता ओमप्रकाश जाति सालवी निवासी ढेलाज तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राज. भू0 राजस्व अधिनियम 1956

:: निर्णय ::

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राज0 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम दौलपुरा पटवार सर्कल दौलपुरा तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द में खाता संख्या 263 खसरा संख्या 344, 798, 802, 806, 825, 826, 827, 835, 864, 875, 876 कुल किता 11 कुल रकबा 4.0700 हैक्टेयर प्रार्थीगण के खाते व कब्जे की भूमि स्थित है। प्रार्थीगण की जमीन के समीप अप्रार्थीगण संख्या की जमीन होकर मौके पर मिली हुई है। जिससे फसल बोते समय विवाद होता रहता है। उक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी हेतु प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया है।

उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़
जिला—राजसमन्द (राज.)

प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण संख्या 01 से लगायत 05 , 07 एवं 08 के बावजूद सूचना तामिल के अनुपस्थित रहने से अप्रार्थीगण संख्या 01 से लगायत 05 , 07 एवं 08 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश दिए गए। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा अप्रार्थीगण संख्या 06 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं चाहने से अप्रार्थी संख्या 06 के विरूद्ध कार्यवाही ड्रोप की जाती

प्रार्थीगण अधिवक्ता की एकतरफा बहस सूनी गई। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। वैसे भी विधि में प्रत्येक खातेदार को अपनी भूमि को सीमाज्ञान/पत्थरगढ़ी कराये जाने का अधिकार निहित कर रखा है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है।

–:आदेश:–

प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते हैं कि ग्राम दौलपुरा पटवार सर्कल दौलपुरा तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द में खाता संख्या 263 खसरा संख्या 344, 798, 802, 806, 825, 826, 827, 835, 864, 875, 876 कुल किता 11 कुल रकबा 4.0700 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कराये जाने हेतु तहसीलदार देवगढ़ को आदेशित किया जाता है कि पत्थरगढ़ी से पूर्व उभयपक्षों (खातेदारान् एवं विपक्षीगण/पडौसी खातेदारान्) को पूर्व में ही तिथि एवं समय निर्धारण संबंधी सूचना पत्र जारी किया जावे। न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन अथवा स्थगन आदेश प्रभावी नहीं होने की शर्त पर पत्थरगढ़ी/सीमांकन की कार्यवाही की जावें। **पत्थरगढ़ी आदेश को कब्जा सूपूर्दगी आदेश नहीं समझा जावें। वक्त सीमांकन प्रार्थी अपनी भूमि पर सीमाचिन्ह स्वयं के खर्चे पर स्थापित करे।** पालना हेतु तहसीलदार देवगढ़ को लिखा जावे पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम की जावे।

उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़ जिला–राजसमन्द (राज.)

15/10/25

(मोहकम सिंह सिनसिनवार R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी देवगढ़
जिला राजसमन्द

उपखण्ड अधिकारी, देवगढ़
जिला–राजसमन्द (राज.)